# माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उ०प्र०
## MAA PATESWARI UNIVERSITY, BALRAMPUR, U. P.
**Website : https://mpublp.ac.in** E-mail : **coe.mpublp@gmail.com**


पत्रांकः माँ0पा0वि0वि0/COE/2026/374 दिनांकः 13 अगस्त, 2026

## अधिसूचना

एतद्द्वारा सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि द्वितीय सेमेस्टर सत्र 2025–26 के स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत समय सीमा के अन्तर्गत भी जिन महाविद्यालयों ने उनके यहां संचालित पाठ्यक्रमो की प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा सम्पन्न नहीं करायी गयी है, उनके लिए माननीय कुलपति महोदय द्वारा **20.08.2026** एवं **21.08.2026** तिथि निर्धारित की गयी है।

सम्बन्धित महाविद्यालयों को यह भी अवगत कराना है कि जिन विषयों की प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा निर्धारित समय के अन्तर्गत सम्पन्न नहीं की गयी है, उन पर स्नातक स्तर पर 1000.00 रूपये प्रति छात्र/प्रति विषय तथा परास्नातक स्तर पर 1500.00 रूपये प्रति छात्र/प्रति विषय शुल्क निर्धारित किया गया है। आच्छादित महाविद्यालय अपने यहां प्रवेशित छात्र/छात्राओं की कुल संख्या के अनुसार निर्धारित शुल्क विश्वविद्यालय कोष खाता का नाम **MPU EXAM FEE COLLECTION** खाता संख्या 8201337029 IFSC CODE **IDIB000M446** बैक का नाम इंडियन बैक में जमा कराकर दिनांक 18.08.2026 तक विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा रसीद तथा छात्र/छात्राओं की सूची प्रस्तुत कर अनुमति पत्र अवश्य प्राप्त कर लें।

यह भी अवगत कराना है कि किसी दशा में न तो पूर्व नामित परीक्षकों का नाम बदला जायेगा और न ही परीक्षा केन्द्र बदला जायेगा।

यदि आपके महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने में उक्तानुसार अब भी कोई समस्या हो रहीं हो तो निर्धारित शुल्क जमा कराते हुए अपने छात्र/छात्राओं की परीक्षा केन्द्रीयत प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र एम.एल.के.पी.जी. कॉलेज, बलरामपुर में सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। एम.एल.के.पी.जी. कॉलेज, बलरामपुर में होने वाली परीक्षा का कार्यक्रम विश्वविद्यालय के पत्रांक पत्रांकः माँ0पा0वि0वि0/COE/2026/373 दिनांकः 13 अगस्त, 2026 में वर्णित है।

भवदीय

(दिनेश कुमार मौर्य)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. प्राचार्य, एम.एल.के.पी.जी. कॉलेज, बलरामपुर ।
2. प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बन्धित महाविद्यालय।
3. नोडल अधिकारी समर्थ पोर्टल, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त हेतु समुचित व्यवस्था करने के साथ–साथ इस सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित कालेज के लॉगिन पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. कुलसचिव/ वित्त अधिकारी, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर ।
5. कुलपति कार्यालय, माननीय कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ ।
6. सम्बन्धित पत्रावली ।

परीक्षा नियंत्रक